# चंद्रयान–3 पर वैबिनार आयोजित

बिलासपुर, 19 सितम्बर (विशाल): भारत के चंद्रयान–3 की चंद्रमा पर हुई सफल लैंडिंग विषय पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के इंस्टीच्यूशनल इनोवेशन काउंसिल ने प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद, पोस्टर व मॉडल मेकिंग गतिविधियों के साथ–साथ वैबिनार का आयोजन किया। जूम एप के माध्यम से आयोजित इस वैबिनार में इंजीनियर्ज रिसर्च सॉल्यूयोन प्राइवेट लिमिटेड की निदेशिका डा. शिवानी वर्मा ने अपना व्याख्यान दिया।

उन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान की लैंडिंग पर बहुत ही ज्ञानवर्द्धक व उपयोगी जानकारियां प्रतिभागियों को दीं, वहीं शिवा एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंध निदेशक ई. पुरुषोत्तम शर्मा व संस्थान प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महत्व और भविष्य में इसकी आवश्यकता की जानकारी प्रतिभागियों को दी।



*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रशिक्षुओं द्वारा बनाया गया भारत के चंद्रयान–3 के प्रक्षेपण का मॉडल।* (विशाल)

**Webinar on Chandrayan-II @ SIP**



*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में फ्लैश मॉब आयोजित कर एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता फैलाते फार्मेसी के विद्यार्थी।* (विशाल)

# फ्लैश मॉब आयोजित कर फैलाई एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता

बिलासपुर, 7 अक्तूबर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने एच.आई.वी./एड्स जागरूकता पर सोमवार को कैंपस में फ्लैश मॉब आयोजित की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एच.आई.बी./एड्स से संबंधित कलंक और भेदभाव की धारणाओं व भ्रांतियों को दूर करना रहा।

इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न संदेशों और रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा एच.आई.वी./एड्स से जुड़ी गलत धारणाओं को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संस्थान के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने इस सार्थक पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल छात्रों में सामाजिक चेतना जागृत करती हैं बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता अभियान जारी रहेंगे।

**Flash Mob for Awareness on AIDS @ SIP**

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया

बिलासपुर, 25 सितम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्रों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, भाषण, स्वास्थ्य शिविर जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रैशर की जांच की गई। एक मजबूत समाज को बनाने में सही स्वास्थ्य सेवा अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम सहित छात्रों और शिक्षकों ने फार्मासिस्ट की शपथ ली।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर शिवा एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा एवं संस्थान के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने सभी को बधाई दी।



*बिलासपुर : विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में भाग लेतीं प्रशिक्षु।* (विशाल)

उन्होंने कहा कि एक फार्मासिस्ट समाज में कई जरूरी कार्य करता है जिसमें मरीजों को सही सलाह देना, उनका सही इलाज करना और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। फार्मासिस्ट्स के इसी योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए हर साल 25 सितम्बर को विश्व फार्मासिस्ट-डे मनाया जाता है।

**World Pharmacist Day Celebrated @ SIP**

# रंगोली में डिप्लोमा फार्मेसी ने हासिल किया पहला स्थान



शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। शिवा एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंध निदेशक पुरुषोतम शर्मा ने कहा कि एक मजबूत समाज को बनाने में सही स्वास्थ्य सेवा अहम भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि एक फार्मासिस्ट समाज में कई जरूरी कार्य करता है। इसमें मरीजों को सही सलाह देना, उनका सही इलाज करना और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। फार्मासिस्ट के इसी योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय फार्मासिस्ट द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाना है। इस मौके पर छात्रों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, भाषण स्वास्थ्य शिविर जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रंगोली प्रतियोगिता में डिप्लोमा फार्मेसी ने पहला स्थान, बी फार्मेसी अंतिम वर्ष के छात्रों ने दूसरा स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हर्षिता बी फार्मेसी प्रथम वर्ष की छात्रा ने पहला स्थान हासिल किया। मॉडल मेकिंग में बी फार्मेसी प्रथम वर्ष के छात्र कुमकुम चंदेल और सुधांशु ने पहला स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि एक मजबूत समाज को बनाने में सही स्वास्थ्य सेवा अहम भूमिका निभाती है।

**Rangoli Compition @ SIP**

# वबीनार का आयोजन



*बिलासपुर : शिवा इंस्टिच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित वैबीनार में उपस्थित प्रशिक्षु।* (विशाल)

बिलासपुर, 27 सितम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में गूगल मीट प्लेटफार्म के द्वारा वैबीनार का आयोजन करवाया गया जिसका शीर्षक करियर ऑपच्यरुनिटीज एंड चैलेंजिस फॉर बडिंग फार्मासिस्ट इन फार्मा 4.0 था। इस वैबीनार के द्वारा बच्चों को फार्मेसी के अवसर और चुनौतियों से अवगत करवाया गया।

जिसको संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वाइस प्रैसीडैंट ऑफ सेल्स एंड मार्कीटिंग कैडिला फार्मा लिमिटेड अहमदाबाद डा. प्रमोद कुमार राजपूत ने छात्रों को फार्मेसी करियर के बारे में अवगत करवाया।

उन्होंने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस और फार्मेसी में डिजिटलाइजेशन के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम और मैनेजिंग डायरैक्टर इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने इस वैबीनार को बहुत महत्वपूर्ण बताया।

## शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में बेविनार का आयोजन

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी हिमाचल में गूगल मीट बेविनार का आयोजन करवाया गया। इसका शीर्षक करियर अपॉर्चुनिटी एंड चैलेंज फॉर बडिंग फार्मासिस्ट इन फार्मा 4.0 था। इस बेविनार के माध्यम से बच्चों को फार्मेसी के अवसर और चुनौतियों से अवगत कराया गया।

बेविनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वाइस प्रेसिडेंट ऑफ सेल्स एंड मार्केटिंग कैडिला फार्मा लिमिटेड अहमदाबाद, डॉक्टर प्रमोद कुमार राजपूत ने छात्रों को फार्मेसी करियर और उनमें आने वाली चुनौतियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फार्मेसी में डिजिटलाइजेशन के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर शिव इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य, डॉक्टर विनोद कुमार गौतम, मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने इस बेविनार को बहुत ही जानकारी पूर्ण बताया और फार्मेसी में अपना करियर बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं। संवाद

**<u>Webinar on “Career opportunities and Challenges forbidding pharmacist in Pharma 4.0” @ SIP</u>**



# फ्रेशर पार्टी में रचना व सूर्यांश को चुना मिस व मिस्टर ऑलराउंडर

बिलासपुर : कार्यक्रम में विभिन्न टाइटलों से नवाजे गए प्रशिक्षु मुख्यातिथि शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा के साथ सामूहिक चित्र में। (संतोष)

बिलासपुर, 1 अक्तूबर (संतोष): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी शुभारंभ-2023 का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ की गई। तत्पश्चात संस्थान के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम, शिवा इंस्टीच्यूट के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और न्यू हर्ब की मैनेजर मिस ज्योति जोशी के बीच मैमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइनिंग सैरेमनी आयोजित की गई। दोनों संस्थाओं के प्रधानाचार्य और मैनेजर ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने संस्थाओं के बीच हुए एम.ओ.यू. पर खुशी जताते हुए कहा कि यह समझौता शोध स्टूडैंट एवं सदस्यों के ज्ञानवर्धन में सहायक होगा।

तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नाटी, भांगड़ा, नाटक और फैशन शो भी सम्मिलित थे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने के लिए जज की कमेटी भी बनाई गई थी, जिसमें असिस्टैंट प्रो. नेहा गुप्ता, भूमिका ठाकुर, दीक्षा मल्होत्रा और शिल्पा ठाकुर शामिल रहीं।

कार्यक्रम के दौरान विगत वर्ष में आयोजित एग्जाम, जोकि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अंतर्गत हुए, की मैरिट में आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान कुमकुम चंदेल और शुभम को मिस व मिस्टर फ्रेशर चुना गया। कंगना और प्रतीक को मिस व मिस्टर पर्सनैलिटी बनाया गया। इस अवसर पर हर्षिता ठाकुर, रचना व सूर्यांश को मिस व मिस्टर ऑलराऊंडर चुना गया। अंत में वोट ऑफ थैंक्स एसोसिएट प्रोफैसर डा. अवनीत गुप्ता द्वारा दिया गया।



# कुमकुम और शुभम बने मिस और मिस्टर फ्रेशर

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी और न्यू हर्ब के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इंस्टीट्यूट के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि दोनों संस्थाओं के बीच इस समझौते से विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को लाभ मिलेगा। फ्रेशर पार्टी में कुमकुम चंदेल और शुभम को मिस और मिस्टर फ्रेशर चुना गया। कंगना और प्रतीक को मिस और मिस्टर पर्सनालिटी और हर्षिता ठाकुर, रचना और सूर्यांश को मिस और मिस्टर ऑलराउंडर चुना गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें नाटी, भंगड़ा नाटक और फैशन शो आयोजित किए गए। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रो. नेहा गुप्ता, भूमिका ठाकुर, दीक्षा मल्होत्रा और शिल्पा ठाकुर ने बतौर जज भूमिका निभाई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के तहत मेरिट में आए हुए छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

इसमें डी-फार्मेसी के दो छात्र और बी-फार्मेसी के 22 छात्र छात्राएं सम्मिलित थी। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. विनोद गौतम, न्यू हर्ब संस्थान की प्रबंधक ज्योति जोशी, और डॉ. अवनीत गुप्ता मौजूद रहे।

शिवा कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मौजूद विद्यार्थी और प्रबंधन वर्ग। संवाद



# आयुष ने मिस्टर और ईशा ने जीता मिस फ्रेशर का खिताब

बिलासपुर के शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंध निदेशक, अध्यापक और अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में आगमन 2024 के रूप में नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने की।

समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। समारोह में मिस्टर फ्रेशर का खिताब आयुष और मिस फ्रेशर का खिताब ईशा ने जीता। मिस पर्सनैलिटी का खिताब कनिका और मिस्टर पर्सनैलिटी का खिताब शिवम ने जीता। समारोह में संस्थान के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों के बीच सम्मानजनक संबंधों की आवश्यकता पर जोर दिया।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि आज का यह आयोजन नए विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय अवसर है। आगमन 2024 ने उन्हें न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच दिया, बल्कि जुड़ने और यादें संजोने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है।

**Fresher Party @ SIP**

# शिवा और बायोसैश के बीच हुआ अनुबंध

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी और बायोसैश बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड (फरीदाबाद, हरियाणा) मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइनिंग सेरेमनी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ की गई। इसके बाद शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम और बायोसैश बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अर्जुन खन्ना ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू संस्थान के लिए बहुत फायदेमंद होगा। इस एमओयू के अनुसार शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बायोसैश के लिए नए इनोवेटिव उत्पादों पर रिसर्च में अपना योगदान देगा। यह अनुबंध गुणवत्ता के नए मापदंडों को स्थापित करने में भी सहायक होगा। संवाद

# शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी–बायोसैश बिजनैस प्राइवेट लिमिटेड के बीच एम.ओ.यू. साइन

बिलासपुर, 31 अक्तूबर (संतोष): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी और बायोसैश बिजनैस प्राइवेट लिमिटेड (फरीदाबाद) के बीच मंगलवार को मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइनिंग सैरेमनी आयोजित की गई। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम और बायोसैश बिजनैस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अर्जुन खन्ना ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। यह एम.ओ.यू. संस्थान के लिए बहुत फायदेमंद होगा। इस एम.ओ.यू. के अनुसार शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बायोसैश के लिए नए इनोवेटिव उत्पादों पर रिसर्च में अपना योगदान देगा। यह एम.ओ.यू. गुणवत्ता के नए मापदंडों को स्थापित करने में भी सहायक होगा।

इस अवसर पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक इंजी. पुरुषोत्तम शर्मा ने संस्थानों के बीच साइन एम.ओ.यू. पर खुशी जताते हुए कहा कि यह समझौता शोध स्टूडैंट्स एंड सदस्यों के ज्ञानवर्धन में सहायक होगा। इस मौके पर छात्रों को एम.ओ.यू. के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी मदद से दोनों संस्थानों के बीच, उद्यमशीलता, प्लेसमैंट, स्टार्टअप एक्टीविटीज को बढ़ावा मिलेगा।



*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी और बायोसैश बिजनैस प्राइवेट लिमिटेड (फरीदाबाद, हरियाणा) के बीच मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइनिंग सैरेमनी में हस्ताक्षर करते हुए प्रतिनिधि।* (संतोष)

**MoU Signed between Shiva Institute of pharmacy and Biosash Business Pvt. Ltd (Faridabad, Haryana)**

# बच्चों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया

बिलासपुर, 3 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। यह कार्यक्रम 5 नवम्बर तक मनाया जाएगा। इस दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बच्चों को भ्रष्टाचार के प्रति लड़ने के लिए जागरूक किया और शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक संक्रामक रोग की तरह है और समाज के विभिन्न स्तरों में फैला हुआ है।

उन्होंने सभी छात्रों को मेहनत और ईमानदारी के साथ वर्तमान और भविष्य में काम करने की शपथ दिलाई।

शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोतम शर्मा ने भी छात्रों को स्वयं में ईमानदारी विकसित करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर मेकिंग के द्वारा अपनी भागीदारी दर्ज करवाई जिसमें गौरव के समूह ने प्रथम, आकाश के समूह ने दूसरा व अभिषेक के ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया।



बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य।

# भ्रष्टाचार पर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में गौरव का समूह रहा प्रथम

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया।

यह कार्यक्रम 5 नवंबर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2023 का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें हैं।

सतर्कता जागरुकता के दौरान शिवा इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉक्टर विनोद कुमार गौतम ने बच्चों को भ्रष्टाचार के प्रति लड़ने के लिए जागरुक किया।

प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को भ्रष्टाचार मुक्त रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने सतर्कता जागरुक पर अपना संदेश दिया। कहा कि भ्रष्टाचार एक संक्रामक रोग की तरह समाज के विभिन्न स्तरों में फैला हुआ है। इसे रोकने के लिए कठोर दंड अवस्था की जानी चाहिए। क्योंकि भ्रष्टाचार हमारे नैतिक जीवन मूल्य पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार से जुड़े लोग अपने स्वार्थ में अंधे होकर राष्ट्र का नाम बदनाम कर रहे हैं। यह आर्थिक राजनीति तथा सामाजिक प्रगति में भी एक बड़ी बाधा है। जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। संवाद

**Vigilance Awareness week celebrated @ SIP**



## शिवा इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ

बिलासपुर। शिवा इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी में 62वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉक्टर विनोद कुमार गौतम ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को फार्मेसी व्यवसाय की महत्वता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में फार्मेसी व्यवसाय को हेल्थ प्रोफेशन के साथ डायरेक्ट जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है तो इसमें फार्मासिस्ट को अपने कर्तव्यों के ऊपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एक हफ्ते के लिए विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता अभियान, पोस्टर प्रेजेंटेशन, रैली, नुक्कड़ नाटक और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवा एजुकेशनल सोसाइटी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दीं। संवाद



## फार्मासिस्ट को अपने कर्त्तव्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

बिलासपुर, 23 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में 62वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बच्चों को फार्मेसी प्रोफैशन की महत्वता के बारे में बताते हुए कहा कि आज के समय में फार्मेसी प्रोफैशन को हैल्थ प्रोफैशन के साथ डायरेक्ट जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। तो इसमें फार्मासिस्ट को अपने कर्त्तव्य के ऊपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

प्रथम दिवस विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी दर्ज करवाई।

इसमें एक हफ्ते के लिए बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्वच्छता अभियान, पोस्टर प्रैजैंटेशन, रैली व नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। इस अवसर पर शिवा एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

**62th National Pharmacy week @ SIP**

## बी.फार्मेसी 8वें सैमेस्टर परीक्षा परिणाम में कृतिका दूसरे स्थान पर

बिलासपुर, 12 दिसम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के जून-2023 सैमेस्टर परीक्षा में विभिन्न स्थान हासिल किए हैं। जिसमें बी फार्मेसी परीक्षा में टॉपर रहे दूसरे सैमेस्टर से कोमल शेखर ने 7वां स्थान, चौथे सैमेस्टर से हिमांशु ने नवम स्थान, छठे सैमेस्टर से अरुण ठाकुर ने 5वां स्थान तथा आस्था, अंजना देवी और अंशिका ठाकुर ने 7वां स्थान, 8वें सैमेस्टर से कृतिका ने दूसरा स्थान, अनु शर्मा और इंदु शर्मा ने चौथा स्थान, किरण बाला और प्रिया शर्मा ने 7वां स्थान, पूजा ने 9वां स्थान व सोनल ने एच.पी.टी.यू. में 10वां स्थान हासिल किया है।

परीक्षा परिणाम आते ही मेधावी खुशी से झूम उठे। बच्चों की सफलता के लिए शिवा इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और कालेज के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में छात्र और छात्राओं का यह प्रदर्शन विकसित भारत और बेहतर समाज को दर्शाता है। कालेज में पाठ्यक्रम क्रियाकलापों के अलावा उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी लगातार ध्यान दिया जाता है। बच्चों को सिर्फ किताबी पढ़ाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, करियर काऊंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श दिया जाता है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के 31 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में दर्ज करवाया नाम

बिलासपुर, 26 अप्रैल (विशाल): हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के एम. फार्मेसी के परीक्षा परिणाम में शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों में अपना नाम दर्ज करवाया है। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के कुल मिला कर 31 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। फार्मास्यूटिक्स, फार्माकोलॉजी और फार्माकोग्नॉसी के क्षेत्र में शीर्ष 10 रैंक को प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ममता देवी ने तीसरा रैंक, कनिका कुमारी ने पांचवां रैंक, मोहित बंसल व अक्षिता शर्मा ने आठवां रैंक, गरिमा ने तीसरा रैंक, निरंजन सिंह ने छठा रैंक, समीर चौधरी ने दसवां रैंक, ऐश्वर्या ने पहला रैंक और कंचन शर्मा ने दूसरा रैंक हासिल किया है।

बी-फार्मेसी प्रथम सैमेस्टर में हर्षिता ठाकुर ने छठा रैंक व क्षमा देवी ने सातवां रैंक हासिल किया है। बी-फार्मेसी तीसरे सैमेस्टर से शिवानी देवी ने तीसरा रैंक, अरिन शर्मा ने चौथा रैंक, कोमल, शेखर, सारिका व वेदांती दबड़ा ने पांचवां रैंक, रिश्ता व अतिका ने सातवां रैंक, अर्पित शुक्ल ने आठवां रैंक, अनोज खान, कोमल व किरण देवी ने 9वां रैंक, इशिका व रितिक शर्मा ने दसवां रैंक हासिल किया है। बी-फार्मेसी 5वें सैमेस्टर में सिमरन ठाकुर ने पांचवां रैंक, हिमांशु व कनिका ने 9वां रैंक और निकिता चौहान व शिवानी शर्मा ने दसवां रैंक हासिल किया है। बी-फार्मेसी 7वें सैमेस्टर में अरुण ठाकुर व अंशिका ठाकुर ने छठा रैंक हासिल किया है। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने उन्हें सम्मानित किया।

**Students of SIP got various ranks in HPTU.**

## विद्यार्थियों ने बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण किया

बिलासपुर, 2 दिसम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के डी.फार्मेसी प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा 28 नवम्बर को नेरी, बोटैनिकल गार्डन हमीरपुर का दौरा किया गया। सहायक प्रोफैसर रोहित ठाकुर और अंशुल ठाकुर इस दौरे पर छात्रों के साथ थे।



*बिलासपुर : शैक्षणिक भ्रमण के दौरान औषधीय पौधों की जानकारी लेते शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी।* (विशाल)

इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी उत्साहित दिखे। विद्यार्थियों के लिए यह एक ज्ञानवर्धक अनुभव था। वनस्पति उद्यान नेरी हमीरपुर के प्रभारी डा. कमल भारद्वाज ने भी वनस्पति उद्यान में प्रस्तुत विभिन्न जड़ी-बूटियों के बारे में अपना ज्ञान सांझा किया। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम और प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा का कहना है कि फार्मेसी के विद्यार्थियों को बोटैनिकल गार्डन का नियमित भ्रमण कराया जाता है। यहां आने से औषधीय पौधों के बारे में जानकारी मिलती है और पौधों को पहचानने और समझने में भी मदद मिलती है।

**Botanical Garden at Nari, Hamirpur visited by 1st D. pharmacy Students**

# दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन में 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर



बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी चांदपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के सचिव कमल सिंह कंवर। (विशाल)

बिलासपुर, 31 जनवरी (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी चांदपुर में 27 और 28 जनवरी को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 27 जनवरी को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के सचिव कमल सिंह कंवर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

इस सम्मेलन में पूरे भारतवर्ष के नामी उद्योगों के प्रबंधकों ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में हिस्सा लिया। सम्मेलन में भारतवर्ष से लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण करवाया।

सम्मेलन के प्रथम दिवस पर प्रवक्ताओं के रूप में डा. आशीष बाल्डी, डा. प्रदीप गोयल और डा. सौरभ शर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने जीवन के लिए जानलेवा बन रही बीमारियों के खिलाफ हिमालय की जैव विविधता के बारे में अपने विचार प्रकट किए।

सम्मेलन के दूसरे दिन 28 जनवरी को मुख्यातिथि के तौर पर डा. टी.पी. तिवारी प्रबंधक निर्देशक वृतिका हेर्बो टेक ग्रुप ऑफ कंपनीज ने शिरकत की।

इसी के साथ दूसरे दिवस प्रवक्ता के रूप में मिस्टर सुश्रुत शर्मा, डा. पंकज, मिस्टर योगेश शामिल रहे। इस सम्मेलन में भारतवर्ष के प्रमुख बहुराष्ट्रीय उद्योगों के साथ शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी ने 6 समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार गौतम ने आए हुए मुख्यातिथियों और मुख्य प्रवक्ताओं का स्वागत व अभिनंदन किया। इस सम्मेलन पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें नाटी और भंगड़ा शामिल थे। इस सम्मेलन से फार्मेसी क्षेत्र में साझेदारी और ज्ञान विनिमय को बढ़ावा मिलेगा।

सम्मेलन में हस्ताक्षर किए गए 6 समझौते जीवन और उद्योग संबंधित क्षेत्रों में साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। इससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और विभिन्न फार्मास्यूटिकल कंपनियों के बीच सहयोग और विनिमय का मार्ग प्रशस्त होगा।

**Two Days National Conference @ SIP**

# छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित



शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में आयोजित मैजिक शो कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और अध्यापक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## रेडक्रॉस सोसायटी ने कराया मैजिक शो

बिलासपुर। शिवा संस्थान ऑफ फार्मेसी में जगमोहन सिंह नेगी ने रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मैजिक शो का प्रदर्शन किया।

मैजिक शो में सोसायटी के अधिकृत जादूगर ने एक ज्ञानवर्धक और जादुई करतब दिखाकर छात्र-छात्राओं का मनोरंजन किया। इस रोमांचक खेल में छात्र-छात्राओं ने भी जादू की गतिविधियों में भाग लिया और इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी समझने का प्रयास किया। जादूगर का प्रयास रहा कि विभिन्न गतिविधियों से छात्रों को सामाजिक दर्शन से अवगत कराए। जगमोहन सिंह नेगी ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया।

नशा मुक्ति जागरूकता की आवश्यकता के बारे में चर्चा की और उन्हें संबंधित कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को शराब, सिगरेट, तंबाकू, मोबाइल आदि से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

छोटी उम्र में ही नशा करने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास तक रुक जाता है। उन्होंने छात्रों से नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग देने की अपील की। वहीं, छात्रों ने नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ भी ली।

**Magic Show by Red Cross Society @ SIP**



# छात्रों को बताए गए साक्षात्कार के गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में इंटरव्यू कैसे क्रैक करें और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में कॅरिअर की गुंजाइश पर उद्योग-संस्थान संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने की।

कार्यक्रम में यशपाल शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को बताया कि सबसे पहले सभी को फार्मास्यूटिकल के बुनियादी सिद्धांतों को समझना होगा और उसके बाद से संबंधित प्रश्नों को तैयार करना होगा।

छात्रों को फार्मास्यूटिकल कंपनियों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए जैसे कि कंपनी का प्रोफाइल, उत्पाद, नवीनतम विकास, उद्योग के मुख्य प्रश्न आदि। साक्षात्कार के समय छात्रों को आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। छात्रों में संगठित और सटीक जवाब देने की क्षमता होनी चाहिए। साक्षात्कार में छात्रों को अपने कौशल, योग्यताओं और सफलताओं को प्रमुखता देनी चाहिए। छात्रों को कंपनी के मानदंड, उत्पादों और उद्योग के विषयों के बारे में गहन ज्ञान होना चाहिए। अगर संभावना हो तो साक्षात्कार के बाद का फीडबैक भी प्राप्त करना चाहिए। ताकि आप अपनी कमियों पर काम कर सकें और अगले साक्षात्कार में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें।

शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में हुए कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और अन्य। संवाद



बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित उद्योग संस्थान संवाद कार्यक्रम में भाग लेते प्रशिक्षु। (विशाल)

# उद्योग-संस्थान संवाद : फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में करियर की दी जानकारी

बिलासपुर, 12 मार्च (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में मंगलवार को उद्योग संस्थान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने की। कार्यक्रम में इंटरव्यू को क्रैक करने व फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में करियर की गुंजाइश विषयों पर जानकारी दी गई। एन.सी.आर. क्षेत्र में विश्वविद्यालय परिसर में सी.आर.सी. के विभाग निदेशक यशपाल शर्मा ने बताया कि फार्मास्यूटिकल कंपनियों के बारे में भी जानकारी जैसे कंपनी का प्रोफाइल, उत्पाद, नवीनतम विकास व उद्योग के मुख्य प्रश्न और साक्षात्कार के समय आत्मविश्वास का होना बेहद आवश्यक है। वही स्वयं अपने कौशल, योग्यता की जानकारी भी होनी चाहिए। साक्षात्कार के बाद साक्षात्कार लेने वालों का धन्यवाद भी करना चाहिए। यदि संभव हो तो साक्षात्कार के बाद का फीडबैक भी प्राप्त करना चाहिए।

**Program on "Carrier in Pharmaceutical Field" @ SIP**



# शिवा फार्मेसी के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शिवा इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। छात्रों ने कबड्डी में दूसरा और हैंडबाल में तीसरा स्थान हासिल किया।

यह खेलकूद प्रतियोगिता गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज में 28 से 30 मार्च तक हुई। शिवा इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने छात्रों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत, संघर्ष और टीमवर्क ने खेलों में उन्हें सफलता की ओर अग्रसर किया। उन्होंने न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य छात्रों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि ने भी छात्रों की प्रतिस्पर्धा की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया। संस्थान के प्रबंधक निदेशक इं. पुरुषोत्तम शर्मा ने भी छात्रों को बधाई दी।

कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्र। संवाद

**1st Rank in Kabaddi and Volleyball.**

# गौरव मिस्टर, अंजना बनीं मिस फेयरवेल

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में एम फार्मेसी, बी फार्मेसी और डी फार्मेसी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में विद्यार्थियों को विभिन्न खिताब देकर सम्मानित किया गया।

बी फार्मेसी के गौरव और अंजना को मिस्टर और मिस फेयरवेल और अरुण और अंशिका को मिस्टर और मिस ऑलराउंडर के खिताब से सम्मानित किया गया। डी फार्मेसी से सनी धीमान और मुस्कान को मिस्टर और मिस फेयरवेल और संदीप और साक्षी को मिस्टर और मिस ऑलराउंडर चुना गया। जूनियर विद्यार्थियों अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत फूलों की वर्षा और तिलक लगाकर किया। विद्यार्थियों ने भंगड़ा, बॉलीवुड डांस प्रस्तुत किया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के



शिवा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित विदाई समारोह में मिस्टर और मिस फेयरवेल और उपस्थित अन्य। संवाद

लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी करवाई गईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को जूनियर विद्यार्थियों के साथ साझा किया और उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी।

इस मौके पर शिवा समूह के संचालक पुरुषोत्तम शर्मा ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार करो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो। उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम और अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में धैर्य, लगन और मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**Farewell Party @ SIP**

# नवीनतम पेडागोजिकल उपकरणों का प्रयोग सीख रहे शिक्षक

बिलासपुर, 6 जून (विशाल) : शिवा फार्मेसी संस्थान द्वारा संस्थान में 4 से 11 जून तक एक सप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे शुरू हो जाता है। कार्यक्रम में फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ अपने अनुभव सांझा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम पेडागोजिकल उपकरणों और तकनीकों से रू-ब-रू करवाना है।

प्रमुख वक्ताओं में डा. विनोद गौतम, डा. अवनीत गुप्ता, डा. आंचल शर्मा, डा. पूनम शर्मा, करण शर्मा और मनीषा गौतम शामिल हैं। ये सभी वक्ता अपने विशेष अनुभवों और विशेषज्ञता के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित कर रहे हैं, उन्हें नवीनतम शैक्षिक और तकनीकी उपकरणों के उपयोग



*बिलासपुर: शिवा फार्मेसी संस्थान में चल रहे संकाय विकास कार्यक्रम में नवीनतम पेडागोजिकल उपकरणों और तकनीकों से रू-ब-रू हो रहे शिक्षक।* (विशाल)

के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में रोटरी इवैपोरेटर, एच.पी.सी.एल., कार्ल फिशर, बायोकैमिस्ट्री विश्लेषक व डिसोल्यूशन उपकरणों का उपयोग करते हुए हाथों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिक्षकों को नए शिक्षण और अधिगम तकनीकों के साथ-साथ प्रभावी शिक्षण विधियों के बारे में भी बताया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का मौका भी मिल रहा है। इससे शिक्षकों को व्यावसायिक और औद्योगिक अनुभव तो प्राप्त हो ही रहा है, साथ ही उनकी क्षमता व आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

शिवा फार्मेसी संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बताया कि यह कार्यक्रम शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जोकि नए आने वाले शिक्षकों के पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें अपने छात्रों को बेहतर शिक्षित करने में मदद करेगा।

**Faculty Development Program @ SIP**

# शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए टैलेंट हंट स्पर्धा आयोजित



बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता में लूडो स्पर्धा में भाग लेते शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी। (विशाल)

बिलासपुर, 13 जून (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए वीरवार को टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के इंडोर खेलों और मजेदार गतिविधियों को शामिल किया गया जिनमें कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में शतरंज, कैरम, लूडो और टेबल टैनिस जैसे खेल शामिल थे जिनमें कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा मनोरंजक गतिविधियों में पिक्शनरी, विस्पर्रिंग एक्टीविटी और डम्ब शेराज जैसी मजेदार प्रतियोगिताओं का भी कर्मचारियों ने खूब लुत्फ उठाया।

प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों के बीच सद्भावना और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होती हैं और संस्थान में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करती हैं।

**Talent Hunt Competition @ SIP**

# शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी ने किया इंप्लाई एबिलिटी डॉट लाइफ संस्थान के साथ एम.ओ.यू. साइन

## एम.ओ.यू. के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया में इनोवेशन लैब्स होंगी स्थापित

बिलासपुर, 6 अगस्त (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी ने अपने छात्रों को शिक्षा व उद्योग अनुभवों से जोड़ने के लिए इंप्लाई एबिलिटी डॉट लाइफ संस्थान के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को ग्लोबल फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए तैयार करना व उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा करने लायक बनाना है। इंप्लाई एबिलिटी डॉट लाइफ संस्थान ऑस्ट्रेलिया की फैडरेशन यूनिवर्सिटी के सहयोग से संचालित एक अग्रणी ग्लोबल फ्यूचर ऑफ वर्क सॉल्यूशन प्रदाता है। यह संस्थान शिक्षा में अनुभवों को जोड़ने के लिए विशेष पाठ्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय अंडर-ग्रैजुएशन ब्रिज प्रोग्राम, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्ज क्वालीफाइंग प्रोग्राम, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रमाणन कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय छात्र इमर्शन कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी इमर्शन कार्यक्रम उपलब्ध करवाता है। इस एम.ओ.यू. के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया में इनोवेशन लैब्स स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही छात्रों के लिए ग्लोबल वर्कप्लेस रैडीनैस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि यह साझेदारी हमारे छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के अवसरों को बढ़ाएगी और उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार करेगी। यह एम.ओ.यू. संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय समुदाय निर्माण के प्रयासों को भी मजबूत करेगा। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस एम.ओ.यू. के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया में इनोवेशन लैब्स स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही छात्रों के लिए ग्लोबल वर्कप्लेस रैडीनैस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता अद्वितीय वैश्विक शिक्षा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**MoU Signed Between SIP and Employee Ability Dot Life organization.**

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में लगी दिव्यांगों द्वारा बनाए सामान की प्रदर्शनी

बिलासपुर, 18 अगस्त (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में चेतना संस्था ने दिव्यांग बच्चों द्वारा हाथों से बनाई गईं राखियों, उपहारों, घर की सजावट के सामान और शानदार कशीदाकारी की प्रदर्शनी लगाई। इस एकदिवसीय रक्षाबंधन प्रदर्शनी स्टाल पर शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित रक्षाबंधन के सामान की खरीददारी की।



बिलासपुर : रक्षाबंधन पर दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए सामान के प्रदर्शनी स्टाल पर खरीददारी करते शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रशिक्षु। (विशाल)

**Exhibition on Raksha Bandhan @ SIP**

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कालेज परिसर में रोपे पौधे



बिलासपुर : पौधारोपण अभियान में भाग लेने वाले प्रशिक्षु प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम के साथ। (विशाल)

बिलासपुर, 17 सितम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में एक दिवसीय विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की थीम एक पेड़ मां के नाम थी जिसका उद्देश्य मातृत्व की महत्ता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हिस्सा था।

संस्थान के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने परिसर में पौधे लगाए और कार्यक्रम के दौरान पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस पौधारोपण अभियान के माध्यम से हम न केवल प्राकृतिक वातावरण को सुदृढ़ कर रहे हैं बल्कि अपनी माताओं के प्रति सम्मान भी व्यक्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय असंतुलन से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के महत्व को बताना भी था। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे अभियानों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे।

**Tree Plantation Program @ SIP**



बिलासपुर : स्वयं द्वारा बनाए गए एच.आई.वी./एड्स जागरूकता पोस्टरों को दिखाते शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रशिक्षु। (विशाल)

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम

### कार्यक्रम में कुल 42 प्रशिक्षुओं ने नारा लेखन स्पर्धा में लिया भाग

बिलासपुर, 29 अगस्त (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी संस्थान के रैड रिबन क्लब ने वीरवार को एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कुल 42 प्रशिक्षुओं ने नारा लेखन में भाग लिया जबकि 26 प्रशिक्षुओं ने पोस्टर निर्माण में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रशिक्षुओं ने जाना कि एच.आई.वी./एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ छूने, साथ खाने, एक ही तौलिया प्रयोग करने आदि से एच.आई.वी./एड्स नहीं फैलता।

संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**Poster presentation on “AIDS Awareness program” @ SIP**

## शिवा इंस्टीट्यूट में दी रोजगार को लेकर जानकारी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर ने क्लीनी इंडिया के सहयोग से क्लिनिकल रिसर्च,फार्माकोविजिलेंस संबंधित क्षेत्रों में करिअर के अवसर विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। इसका संचालन संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य वक्ता नितिका जोगेवार ने क्लिनिकल रिसर्च और फार्माकोविजिलेंस जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में करिअर की संभावनाओं पर जानकारी दी। प्रश्नोत्तर दौर में छात्रों ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। डॉ. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि इस तरह के वेबिनार छात्रों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं और उन्हें नई दिशा दिखाते हैं। हमारे संस्थान का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ उद्योग के वर्तमान रुझानों से भी अवगत कराना है। संवाद

## शिवा फार्मेसी संस्थान में राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। शिवा फार्मेसी संस्थान बिलासपुर में चौथे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह शुक्रवार से शुरू हुआ। इसका मुख्य विषय रोगी सुरक्षा के लिए प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण करना है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने इस अवसर पर बताया कि फार्माकोविजिलेंस सप्ताह न केवल छात्रों के ज्ञान को समृद्ध करता है, बल्कि उन्हें वास्तविक दुनिया में फार्मास्यूटिकल्स के सुरक्षित उपयोग और रोगी सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) की रिपोर्टिंग और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

एपिलेप्टिक, ट्यूबरक्लोसिस की दवाओं और एंटीबायोटिक्स जैसे क्विनोलोन से होने वाले एडीआर की रिपोर्टिंग की बात कही। साथ ही सामान्य दुष्प्रभावों को भी रिपोर्ट करने के लिए आग्रह किया।

### प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं पर किया जाएगा वाद-विवाद

फार्माकोविजिलेंस एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। दवा दुष्प्रभावों की रिपोर्टिंग में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रियता से भाग लेना चाहिए। सभी तरह के एडीआर को बिना किसी डर के आगे बढ़कर रिपोर्टिंग करनी चाहिए। इससे मरीजों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सकेगी।

परिणाम स्वरूप चिकित्सा सेवा में गुणात्मक सुधार होगा। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें पोस्टर प्रस्तुति, एडीआर पर वाद-विवाद, नुस्खा आधारित दवाओं पर विशेषज्ञ वार्ता और निबंध लेखन प्रतियोगिता शामिल हैं।

ये कार्यक्रम छात्रों और फार्मेसी के पेशेवरों को फार्माकोविजिलेंस के महत्व को समझने और इसके बेहतर कार्यान्वयन के लिए प्रेरित करेंगे। पूरे सप्ताह फार्माकोविजिलेंस पर व्याख्यान चलते रहेंगे।

## दवाइयों के साइड इफैक्ट की जानकारी होना बहुत जरूरी : डा. सौरभ कोसी

बिलासपुर, 24 सितम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में चल रहे फार्माकोविजिलैंस सप्ताह कार्यक्रमों का समापन हो गया। सप्ताह के अंत में फार्माकोविजिलैंस समय की आवश्यकता विषय पर वैबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें दवा सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा में इसके महत्व पर गहन चर्चा की गई।

वैबिनार में आई.एस. कालेज ऑफ फार्मेसी मोगा के फार्मेसी प्रैक्टिस विभाग के प्रमुख डा. सौरभ कोसी ने मुख्य वक्ता के रूप में फार्माकोविजिलैंस की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है।

शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि फार्माकोविजिलैंस फार्मेसी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का एक अनिवार्य भाग है। उन्होंने छात्रों और संकाय को इस विषय पर और अधिक अध्ययन और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**4th Pharmacovigilance Week @ SIP**



# विद्यार्थियों को दी करियर विकल्पों की जानकारी

बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित समारोह में मौजूद प्रशिक्षु। (विशाल)

बिलासपुर, 25 सितम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर समारोह का आयोजन किया। इस वर्ष के फार्मासिस्ट दिवस का विषय वैश्विक स्वास्थ्य जरूरतों की पूर्ति में फार्मासिस्ट पर केंद्रित रहा। विद्यार्थियों ने संगोष्ठी और कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

चर्चा का मुख्य विषय फार्मासिस्टों की भूमिकाएं, चुनौतियां और वैश्विक स्वास्थ्य में उनके योगदान रहा। कार्यक्रम में दवाओं के सही उपयोग, खुराक और रोगी की देखभाल के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस कार्यक्रम में कहलूर बायोसाइंसिज और रिसर्च सैंटर के सह संस्थापक डा. अमित कुमार विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उद्यमिता और नवाचार के रूप में करियर के अवसर विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया जिसमें विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी दी गई।

शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि फार्मासिस्टों का योगदान हमारी स्वास्थ्य सेवाओं का मूल आधार है।

यह कार्यक्रम हमें उनके योगदान को सम्मानित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। संस्थान के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने फार्मासिस्ट समाज के स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।



# फार्मासिस्टों की भूमिका और योगदान पर चर्चा

बिलासपुर के शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर उपस्थित विद्यार्थी व अन्य । संवाद

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया। इस वर्ष के फार्मासिस्ट दिवस का विषय वैश्विक स्वास्थ्य जरूरतों की पूर्ति में फार्मासिस्ट पर केंद्रित रहा।

विद्यार्थियों ने संगोष्ठी, कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। चर्चा का मुख्य विषय फार्मासिस्टों की भूमिकाएं, चुनौतियां, वैश्विक स्वास्थ्य में उनके योगदान पर केंद्रित रहा। इस कार्यक्रम मे शिवा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के इंस्टीटयूशन इनोवेशन सेल ने डॉ. अमित कुमार को आमंत्रित किया। उन्होंने उद्यमिता, नवाचार के रूप में करिअर के अवसर विषय पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा फार्मासिस्टों का योगदान हमारी स्वास्थ्य सेवाओं का मूल आधार है। संवाद

**Pharmacist Day @ SIP**



बिलासपुर के शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में स्वच्छ भारत दिवस के उपलक्ष्य पर परिसर की सफाई करते विद्यार्थी ।

# विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने की।

उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता की महत्ता और उसके संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उसके बाद विद्यार्थियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इसमें कचरा उठाने, पौधरोपण करने और स्वच्छता पर पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियां शामिल थीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वह अपने संस्थान और उसके आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इस दिन का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना था, बल्कि विद्यार्थियों में सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिक भावना को भी विकसित करना था। उन्होंने सभी से अपील कि वह स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में हम सबका योगदान आवश्यक है। संवाद



# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने खरीदे दिव्यांग बच्चों के बनाए उत्पाद

बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित सामान की प्रदर्शनी लगाने पहुंचा चेतना संस्था का स्टाफ, फार्मेसी अध्यापक व विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (विशाल)

बिलासपुर, 25 अक्तूबर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को चेतना संस्था द्वारा दीवाली पर्व के अवसर पर एक दिवसीय विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों द्वारा हाथों से निर्मित किए गए विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

इस प्रदर्शनी में दीये, मोमबत्तियां, रुई बत्ती, अद्भुत गिफ्ट पैक, मिठाई के डिब्बे और कशीदाकारी युक्त शानदार दीवाली गिफ्ट शामिल थे, जो अत्यंत सुंदरता और कला के साथ तैयार किए गए थे। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने सभी अध्यापकगणों और विद्यार्थियों सहित दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित इन विशेष वस्तुओं की जमकर सराहना की और खरीदारी भी की। डा. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी समाज को जागरूक करने और दिव्यांग बच्चों के हुनर को निखारने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें इन बच्चों की क्षमताओं पर गर्व है और ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें और भी अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई कला और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देना और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना था। यह आयोजन न केवल दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। बल्कि समाज को यह संदेश देने में भी सफल रहा कि ये बच्चे अपने अद्वितीय हुनर और कौशल से समाज में एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**Swachh Bharat @SIP**

**Exhibition @ SIP**

# नुक्कड़ नाटक से दी एच.आई.वी./एड्स की जानकारी

बिलासपुर, 9 अक्तूबर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर के रैड रिबन क्लब ने एच.आई.वी./एड्स के प्रति समाज में व्याप्त कलंक और भेदभाव के खिलाफ बुधवार को जागरूकता रैली निकाली और लुहणू-कनैतां में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

रैली संस्थान परिसर से लेकर लुहणू-कनैतां गांव तक निकाली गई। इस कार्यक्रम में फार्मेसी के तृतीय और चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक में फार्मेसी के विद्यार्थियों ने एच.आई.वी./एड्स से जुड़ी गलत धारणाओं की भी जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि एच.आई.वी./एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने, एक ही थाली में भोजन करने या एक ही तौलिया प्रयोग करने से नहीं फैलता।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक प्रोफैसर करण शर्मा, मंजुला शर्मा, आरूषी व रोहित ठाकुर नें विशेष योगदान दिया।

संस्थान के प्रधानाचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाते हैं, बल्कि समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने में भी सहायक होते हैं। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों का यह प्रयास सराहनीय है।

# एचआईवी-एड्स का भेदभाव मिटाने के लिए निकाली रैली



नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों को जागरुक करते विद्यार्थी। संवाद

**बिलासपुर।** शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर के रेड रिबन क्लब ने एचआईवी/एड्स मरीज के प्रति समाज में भेदभाव के खिलाफ जागरुकता लाने के लिए रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

रैली संस्थान परिसर से शुरू होकर लुहणू कनैता गांव तक निकाली गई। इसमें फार्मेसी के तीसरे, चौथे वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। सहायक प्रोफेसर करण शर्मा, मंजुला शर्मा, आरुषि, रोहित ठाकुर ने विशेष योगदान दिया।

प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाते हैं, बल्कि समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने में भी सहायक होते हैं। संवाद

**<u>Nukkad Natak on Awareness of AIDS @ SIP</u>**

# तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बिलासपुर, 14 अक्तूबर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की सैमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चौथे सैमेस्टर की संस्थान टॉपर शिवानी देवी ने प्रदेश में प्रथम, कोमल शेखर ने छठा, ऋषिता कुमारी ने 7वां, वेदांती दबड़ा और इशिका ने 8वां, रितिक शर्मा ने 9वां और अतीका ने 10वां स्थान हासिल किया है।

दूसरे सैमेस्टर में कुमकुम ने प्रथम, प्रियंका वर्मा और क्षमा देवी ने तीसरा, हर्षिता ने 5वां और कनिका ने 9वां स्थान पाया है। छठे सैमेस्टर में नितिका चौहान ने छठा, हिमांशु और कनिका ने 8वां, डिंपल नेगी ने 9वां व डिंपल शर्मा, शिवानी शर्मा, शिवेश ठाकुर और सिमरन ठाकुर ने 10वां स्थान हासिल किया है।

फार्मेसी के विभिन्न विषयों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फार्माकोग्नॉसी में ऐश्वर्या और कंचन, फार्मास्यूटिक्स में कनिका और मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषार और अंशिता ने तीसरा और ममता ने 5वां स्थान हासिल किया। फार्माकोलॉजी में निरंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गरिमा, रितिका और समीर ने चौथा स्थान हासिल किया है।

# चौथे सेमेस्टर में शिवानी और दूसरे में कुमकुम ने हासिल किया पहला स्थान

**बिलासपुर।** शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी, हमीरपुर की सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कियां।

चौथे सेमेस्टर की टॉपर शिवानी देवी ने पहला, कोमल शेखर ने छठा, ऋषिता कुमारी ने सातवां, वेदांती डबरा, इशिका ने आठवां, रितिक शर्मा ने नौवां और अतीका ने दसवां स्थान हासिल किया।

दूसरे सेमेस्टर में कुमकुम ने पहला, प्रियंका वर्मा, क्षमा देवी ने तीसरा, हर्षिता ने पांचवां और कनिका ने नौवां स्थान हासिल किया। छठे सेमेस्टर में निति[illegible] चौहान ने छठा, हिमांशु, कनिका [illegible] आठवां, डिंपल नेगी ने नौ[illegible] डिंपल शर्मा, शिवानी शर्मा, शिवे[illegible] ठाकुर और सिमरन ठाकुर [illegible] संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासि[illegible] किया। फार्माकोग्नॉसी में ऐश्व[illegible] कंचन और फार्मास्यूटिक्स [illegible] कनिका, मोहित ने पहला स्[illegible] प्राप्त किया।

तुषार, अंशिता ने तीसरा [illegible] ममता ने पांचवां स्थान हासि[illegible] किया। फार्माकोलॉजी में निरंजन [illegible] पहला, गरिमा, रितिका और स[illegible] ने चौथा स्थान हासिल किया। [illegible]

**<u>Students of SIP got various ranks in HPTU.</u>**

# चेतना संस्था ने दीये, मोमबत्ती, रुई बत्ती की लगाई प्रदर्शनी

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में चेतना संस्था ने दिवाली पर एक दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया। व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों ने हाथों से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

प्रदर्शनी में दीये, मोमबत्ती, रुई बत्ती, अद्भुत गिफ्ट पैक, मिठाई के डिब्बे और कशीदाकारी युक्त शानदार दिवाली गिफ्ट शामिल थे। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम, सभी अध्यापक गण और विद्यार्थियों ने बच्चों की ओर से निर्मित इन वस्तुओं की सराहना की और खरीदारी भी की।

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई कला, हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देना और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना था। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी समाज को जागरूक करने और दिव्यांग बच्चों के हुनर को निखारने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें इन बच्चों की क्षमताओं पर गर्व है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को और भी अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। संवाद

**Diwali celebration @ SIP**

# भटेड़ में जांचा 272 लोगों का स्वास्थ्य

## चिकित्सकों ने लोगों को दी बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह

संवाद न्यूज एजेंसी

भराड़ी (बिलासपुर)। उप तहसील भराड़ी के तहत भटेड़ में शिवा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 272 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

जानकारी देते हुए शिवा ग्रुप के संस्थापक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, अनिद्रा, पथरी, थायराइड, गैस, मानसिक तनाव, पाचन समस्या, त्वचा संबंधी रोग, एलर्जी, ईएनटी, रोग, महिला व बच्चों संबंधी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं व फार्मासिस्ट भी उपलब्ध रहे। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान लोगों को निशुल्क दवाइयां भी बांटी गईं।

चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी कि मौसम परिवर्तन हुआ है। इस कारण बीमारियों की चपेट में लोग जल्दी आ जाते हैं। इनसे बचाव के लिए सावधानी बरतें। विशेषकर बच्चों का ध्यान रखें। पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि



बिलासपुर के भटेड़ में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य की जांच करवाते लोग।

### शिवा कॉलेज की ओर से लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

संस्थान करीब छह वर्ष से निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस दौरान 200 से अधिक शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। शिवा ग्रुप का उद्देश्य यही है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ मिले। साथ ही क्षेत्र की हर पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में किसी भी आम व्यक्ति को दिक्कत न हो। शिविर में डॉ. एसपी गांधी, डॉ. शिखा, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. उन्नी कृष्णन, डॉ. प्रतिभा ने सेवाएं दीं। इस मौके पर लहर पंचायत प्रधान तारा चंद, गतवाड़ पंचायत प्रधान जवाल बजाज, उप प्रधान अजय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**Health Camp @ SIP**

# विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली

बिलासपुर, 2 दिसम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में सोमवार को बिश्व एड्स दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में एच.आई.वी./एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष की थीम 'सही रास्ता अपनाएं, मेरी सेहत मेरा अधिकार' के तहत कार्यक्रम में एड्स और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने इसी थीम पर रंगोली भी बनाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। शिवा इंस्टीच्यूट के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि एड्स जैसी घातक बीमारी को रोकने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। सही जानकारी और सही दिशा अपनाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। हमारी सेहत हमारा अधिकार है और इसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

संस्थान के प्रबंध निदेशक पुरुषोतम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा विश्व एड्स दिवस न केवल जागरूकता का दिन है बल्कि यह हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सभी को स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है। शिवा इंस्टीच्यूट हमेशा से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है और हम इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया जिनमें छात्रों को एड्स की रोकथाम, लक्षण और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में विश्व एड्स दिवस पर एच.आई.वी./एड्स रोकथाम की थीम पर बनाई गई रंगोली के साथ संस्थान के विद्यार्थी।* (विशाल)

**Rangoli Compition @ SIP**

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में 26 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते फार्मेसी के विद्यार्थी। (विशाल)*

बिलासपुर, 19 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर ने 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य में बुधवार को 'थिंक हैल्थ, थिंक फार्मेसी' थीम पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

यह शिविर रैड रिबन क्लब और इंस्टीच्यूट इनोवेशन काऊंसिल के समन्वय से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम और प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने किया। इस शिविर में 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

## छात्रों और शिक्षकों ने किया रक्तदान

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बिलासपुर ने 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत 'थिंक हेल्थ, थिंक फार्मेसी' थीम पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह शिविर रेड रिबन क्लब और इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार गौतम और प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने किया। उन्होंने स्वास्थ्य और फार्मेसी के महत्व पर जोर देते हुए रक्तदान को मानवता की सेवा बताया। शिविर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रेड रिबन क्लब और आईआईसी के सदस्यों ने रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। संवाद

**Blood Donation Camp @ SIP**

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी की टीम बनी राज्य हैंडबाल चैंपियन



*बिलासपुर : प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में हैंडबाल चैंपियन बनी शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर की टीम अपनी ट्रॉफी के साथ। (विशाल)*

बिलासपुर, 22 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर की हैंडबाल टीम ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 में विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। यह प्रतियोगिता मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में हुई।

संस्थान के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा और प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने विजेता टीम को बधाई दी व कहा कि उनकी यह उपलब्धि संस्थान के खेल और शैक्षणिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। टीम के कोच और सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और अनुशासन से इस सफलता को संभव बनाया।

## फूड और न्यूट्रास्युटिकल उद्योग पर शिवा इंस्टीच्यूट ने लगाया वैबिनार

बिलासपुर, 30 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर ने वेद निधि एग्रो फूड प्रोडक्ट्स व राजस्थान और हिमालयन नैचुरल बायो रिसोर्स कंपनी इंदौरा जिला कांगड़ा के सहयोग से शनिवार को एक वैबिनार का आयोजन किया।

इस वैबिनार का विषय 'फूड और न्यूट्रास्युटिकल एरिया फार्म से वैल्थ तक' रहा। इस वैबिनार का उद्देश्य छात्रों को उद्यम और व्यवसाय से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा। खाद्य और न्यूट्रास्युटिकल उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका और संभावनाओं पर चर्चा हुई। शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम ने कहा कि फूड और न्यूट्रास्युटिकल उद्योग किसानों और उद्यमियों को एक नई पहचान देता है। वहीं हिमालयन नैचुरल बायो रिसोर्स कंपनी के संस्थापक ने कहा, स्थानीय संसाधनों का कुशल उपयोग और उनके प्रसंस्करण से न केवल रोजगार के अवसर सृजित होते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिलती है। वेद निधि एग्रो फूड प्रोडक्ट्स राजस्थान के संस्थापक ने कहा कि खाद्य और न्यूट्रास्युटिकल क्षेत्र में गुणवत्ता बनाए रखना और नवाचार करना सफलता की कुंजी है।

**Sports Meet @ SIP** **Webinar @ SIP**

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में हुई 'स्वास्थ्य सोचें, फार्मेसी सोचें' विषय पर विशेषज्ञ वार्ता



बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक वर्ग। (विशाल)

बिलासपुर, 20 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर ने 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 के अवसर पर बुधवार को 'स्वास्थ्य सोचें, फार्मेसी सोचें' विषय पर एक सशक्त विशेषज्ञ वार्ता आयोजित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एच.पी.पी.एस.सी.ए. के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में फार्मेसी व्यवसाय के महत्व को रेखांकित किया और सुरक्षित तथा प्रभावी दवा प्रथाओं को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

विशेष अतिथि ड्रग निरीक्षक बिलासपुर डा. दिनेश शर्मा ने फार्मास्युटिकल रुझानों और नियमों पर अपनी विशेषज्ञता सांझा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में नैतिक प्रथाओं और नवाचारों की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा ताकि आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल की चुनौतियों का सामना किया जा सके। कैमिस्ट एसोसिएशन बिलासपुर के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने फार्मासिस्टों और कैमिस्टों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर विचार सांझा किए जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम में शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के कार्यकारी निदेशक आयुष शर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने संस्थान की ओर से फार्मेसी के क्षेत्र में सतत् सुधार और नवाचार के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने छात्रों और पेशेवरों को प्रेरित किया कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य में योगदान देने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें।



बिलासपुर: शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह कार्यक्रमों की कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली के साथ विद्यार्थी; संस्थान के कार्यकारी निदेशक आयुष शर्मा व अन्य। (विशाल)

## शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में मनाया गया राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह

बिलासपुर, 25 नवम्बर (विशाल): शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में 63वां राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष का विषय था स्वास्थ्य के लिए सोचें, फार्मेसी के लिए सोचें।

इस अवसर पर रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इन आयोजनों में मॉडल मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, इमोजी डिजाइनिंग, रंगोली निर्माण और रील मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रविकांत, पुष्पेंद्र, समीक्षा, दीक्षा शर्मा और नैना ने पहला स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में पहला स्थान अरुण, अंशिता और इशिता ने प्राप्त किया। इमोजी डिजाइनिंग प्रतियोगिता में ईशा और हिमांशु ने प्रथम, समृद्धि, इशानी और कशिश ने द्वितीय तथा इशिता, तान्या, वर्षा व अंशुल तथा अभिषेक, अमरजीत, अनमोल व अजय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में आतिका, शिवानी, वेदांती, इशिका और प्रियंका ने प्रथम। रील मेकिंग प्रतियोगिता में जतिन प्रथम, कंगना, रचना, नैना और समृद्धि द्वितीय तथा हिमांश, कार्तिक, इशिता, हिमांशु और ईशा तृतीय रहे।

# स्वास्थ्य सोचें, फार्मेसी सोचें विषय पर चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी



शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह पर आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य। संवाद

**कार्यक्रम में फार्मेसी, स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञों ने लिया भाग**

बिलासपुर। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 के अवसर पर स्वास्थ्य सोचें, फार्मेसी सोचें विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में फार्मेसी, स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। फार्मेसी के महत्व व समाज पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने सुरक्षित और प्रभावी दवा प्रथाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए फार्मेसी क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता को रेखांकित किया। ड्रग इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने फार्मास्युटिकल रुझानों और नियमों पर चर्चा की और स्वास्थ्य देखभाल में नवाचारों को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।

केमिस्ट एसोसिएशन बिलासपुर के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने फार्मासिस्टों और केमिस्ट के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता बताई ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल विनोद कुमार गौतम ने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र के पेशेवर केवल दवाइयों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पूरे स्वास्थ्य देखभाल तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को फार्मेसी के महत्व को समझाने और जागरूकता बढ़ाने का है। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों ने विशेषज्ञों के विचारों पर चर्चा की।

कार्यक्रम ने फार्मेसी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रेरणा दी। शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने इस आयोजन के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और फार्मेसी क्षेत्र में उत्कृष्टता की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

**63th National Pharmacy Week 2024 on the Theme "Think Health, Think Pharmacy" @ SIP**



# शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में हुआ 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पर जागरूकता कार्यक्रम

बिलासपुर, 24 जनवरी (विशाल): प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और सुरक्षित व जिम्मेदार यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में आर.टी.ओ. बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं है बल्कि यह समाज को सुरक्षित बनाने का माध्यम है।

ट्रैफिक नियमों का पालन, हैल्मेट और सीट बैल्ट का अनिवार्य उपयोग व शराब पीकर वाहन न चलाना सभी के लिए जीवन रक्षा के उपाय हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और उपस्थित प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

आर.टी.ओ. राजेश कौशल ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने की शपथ भी ग्रहण करवाई। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा, प्राचार्य डा. विनोद कुमार गौतम सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

*बिलासपुर : शिवा इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते आर.टी.ओ. बिलासपुर राजेश कुमार कौशल।* (विशाल)



# सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

बिलासपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिलासपुर में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों, कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय को जागरूक करना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) राजेश कुमार कौशल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं बल्कि सामूहिक रूप से समाज को सुरक्षित बनाने में है। संवाद

**<u>Awareness programmed on "Sadak Suraksha Jeevan Raksha" @ SIP</u>**